राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

एफ.6(06)/परीक्षा–ग/व.अ./संस्कृत शिक्षा/2018–19/2190 दिनांक 07/02/2020

प्रेस–विज्ञप्ति

वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) टीएसपी एवं नॉन–टीएसपी प्रतियोगी परीक्षा, 2018 एवं वरिष्ठ अध्यापक (विशेष शिक्षा) टीएसपी प्रतियोगी परीक्षा, 2018 के अभ्यर्थियों की पात्रता जांच हेतु आयोग द्वारा जारी की गईं विचारित सूचियों में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउन्सलिंग के माध्यम से आयोग कार्यालय में दिनांक 03.02.2020 से 06.02.2020 तक की गई। किन्हीं कारणों से काउन्सलिंग में उपस्थित न हो पाने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 13.02.2020 को सुबह एवं अपराह्न की पारियों में संपादित की जाने वाली काउन्सलिंग में उपस्थित होने हेतु आमंत्रित किया जाता है। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि वे पूर्व में आयोग द्वारा अपलोड किये गये काउन्सलिंग पत्र ही लेकर काउन्सलिंग हेतु उपस्थित होंवे। काउन्सलिंग में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के नवीन काउन्सलिंग पत्र अपलोड नहीं किये गये हैं।

विचारित सूची में सम्मिलित एवं काउन्सलिंग में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को अंतिम तौर पर सूचित किया जाता है कि आयोग की वेबसाईट **www.rpsc.rajasthan.gov.in** से विस्तृत आवेदन पत्र, काउन्सलिंग लैटर तथा दो प्रपत्र एवं आवश्यक दिशा–निर्देश डाउनलोड कर उनका अध्ययन करते हुए निर्धारित दिनांक को निम्नानुसार उपस्थित होंवेः–

(1) वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा/**TSP & NON-TSP**)
विषय– विज्ञान, हिन्दी, गणित एवं सामाजिक विज्ञान (दि. 13.02.2020 को प्रातः 9.30 बजे)
अंग्रेजी एवं संस्कृत (दि. 13.02.2020 को अपरान्हः 1.30 बजे)

(2) वरिष्ठ अध्यापक(विशेष शिक्षा/**TSP**)
विषय–विज्ञान, गणित, हिन्दी, संस्कृत एवं सामाजिक विज्ञान (दि.13.02.2020 को अपरान्हः1.30 बजे)

काउन्सलिंग में पुनः अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा तथा ना ही ऐसे अभ्यर्थियों को जारी किये जाने वाले अंतिम परिणाम में सम्मिलित किया जायेगाच। जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। काउन्सलिंग में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। शेष शर्ते पूर्व में जारी विज्ञप्ति क्रमांक 2105 दिनांक 17.01.2020 के अनुसार रहेंगी।

(नीतू यादव)
संयुक्त सचिव